https://www.upboardonline.com

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 16

# 901 801(AD)

## 2017

## हिन्दी

### केवल प्रश्नपत्र

समय : तीन घण्टे 15 मिनट ] [ पूर्णांक : 70

**निर्देश :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।

1\. क) निम्नलिखित कथनों में से कोई एक कथन सही है, उसे पहचानकर लिखिए : 1

i) वृन्दावन लाल वर्मा लब्धप्रतिष्ठ कवि हैं ।

ii) 'बच्चन' प्रसिद्ध समालोचक हैं ।

[ Turn over



https://www.upboardonline.com

https://www.upboardonline.com



iii) प्रकाश चन्द्र गुप्त ख्याति प्राप्त रिपोर्ताज लेखक हैं

iv) बनारसीदास चतुर्वेदी सशक्त व्यंग्य लेखक हैं ।

ख) निम्नलिखित कृतियों में से किसी **एक** कृति के लेखक का नाम लिखिए : 1

i) तितली

ii) बिखरे पन्ने

iii) रेती के फूल

iv) मंदिर और भवन ।

ग) 'बर्फ की गुड़िया' के रचयिता का नाम लिखिए । 1

घ) 'देश' पत्रिका के सम्पादक का नाम लिखिए । 1

ङ) 'प्रायश्चित' के लेखक का नामोल्लेख कीजिए । 1



https://www.upboardonline.com

2. क) 'रीतिकाल' की किन्हीं **दो** प्रवृत्तियों का उल्लेख कीजिए ।

ख) 'प्रगतिवादी युग' की दो प्रवृत्तियों का उल्लेख कीजिए ।

ग) 'छायावादी युग' के किसी एक कवयित्री का नाम लिखिए ।

3. निम्नांकित गद्यांशों में से किसी **एक** के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2 + 2 + 2

क) ईर्ष्या का सम्बन्ध प्रतिद्वन्द्विता से होता है, क्योंकि भिखमंगा करोड़पति से ईर्ष्या नहीं करता । यह एक ऐसी बात है जो ईर्ष्या के पक्ष में पड़ सकती है, क्योंकि प्रतिद्वन्द्विता से मनुष्य का विकास होता है, किन्तु अगर आप संसारव्यापी सुयश चाहते हैं तो आप रसेल के मतानुसार शायद, नैपोलियन से स्पर्द्धा करेंगे । मगर याद रखिए कि नैपोलियन भी सीजर से स्पर्द्धा करता था और सीजर सिकन्दर से तथा सिकन्दर हरकुलिस से ।

i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए ।

ii) रेखांकित अंशों की व्याख्या कीजिए ।

iii) ईर्ष्या से प्रतिद्वन्द्विता का क्या सम्बन्ध है ?





ख) ऐसे निबन्धों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे मन की स्वच्छन्द रचनाएँ हैं । उनमें न कविता की उदात्त कल्पना रहती है, न आख्यायिका लेखक की सूक्ष्म दृष्टि और न विज्ञों की गंभीर तर्कपूर्ण विवेचना । उसमें लेखक की सच्ची अनुभूति रहती है । उनमें उसके सच्चे भावों की सच्ची अभिव्यक्ति होती है, उसमें उसका उल्लास भरता है । ये निबन्ध तो उस मानसिक स्थिति में लिखे जाते हैं, जिसमें न ज्ञान की गरिमा रहती है न कल्पना की महिमा, जिसमें हम संसार को अपनी ही दृष्टि से देखते हैं और अपने भाव से ग्रहण करते हैं ।

i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए ।

ii) रेखांकित अंशों की व्याख्या कीजिए ।

iii) निबन्ध की किन विशेषताओं का उल्लेख किया गया है ?

https://www.upboardonline.com



4. निम्नांकित पद्यांशों में से किसी **एक** की सन्दर्भ-सहित व्याख्या कीजिए और उसका काव्य-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए : 1 + 4 + 1

क) निरगुन कौन देस कौ बासी ?
मधुकर कहि समुझाइ सौंह दै,
बूझति साँच न हाँसी ।।
को है जनक, कौन है जननी,
कौन नारि, को दासी ?
कैसे बरन, भेष है कैसो,
किहिं रस मैं अभिलाषी ?
पावैगो पुनि कियौ आपनौ,
जो रे करैगो गाँसी ।
सुनत मौन है रह्यो बाबरौ,
सूर सबै मति नासी ।।



https://www.upboardonline.com

https://www.upboardonline.com



ख) बढ़त-बढ़त संपति सलिलु,
मन सरोज बढ़ि जाय ।
घटत-घटत सुनफिरि घरै,
बरु समूल कुम्हिलाइ ।।
जौ चाहत, चटक न घटै,
मैलो होय न मित्त ।
रज राजस न छुवाइ तौ,
नेह-चीकनौं चित्त ।।

5. क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी **एक** लेखक का जीवन-परिचय दीजिए एवं उनकी एक रचना का नाम लिखिए :

i) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
ii) जय प्रकाश भारती
iii) डॉ० भगवतशरण उपाध्याय ।



https://www.upboardonline.com

https://www.upboardonline.com



ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी **एक** कवि का जीवन-परिचय दीजिए तथा उनकी एक रचना का नाम लिखिए : 2 + 1

i) सुमित्रानन्दन पन्त

ii) सुभद्रा कुमारी चौहान

iii) राम नरेश त्रिपाठी

6. निम्नलिखित का सन्दर्भ-सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए 1 + 3

अस्माकं संस्कृतिः सदा गतिशीला वर्तते । मानव-जीवनम् संस्कर्तुम एषा यथासमयं नवां नवां विचारधारां स्वीकरोति, नवां शक्तिं च प्राप्नोति । अत्र दुराग्रहः नास्ति, यत् युक्तियुक्तं कल्याणकारि च तदत्र सहर्षं गृहीतं भवति । एतस्याः गतिशीलतायाः रहस्यं मानवजीवनस्य शाश्वत मूल्येषु निहितम्, तद् यथा सत्यस्य प्रतिष्ठा, सर्वभूतेषु समभावः विचारेषु औदार्यम्, आचारे दृढता चेति ।

**अथवा**



https://www.upboardonline.com

https://www.upboardonline.com



न वै ताडनात् तापनाद् वह्निमध्ये

न वै विक्रयात् क्लिश्यमानोऽहमस्मि ।

सुवर्णस्य मे मुख्यदुःखं तदेकं,

यतो मां जनाः गुञ्जया तोलयन्ति ।।

7. क) अपनी पाठ्यपुस्तक से कण्ठस्थ कोई **एक** श्लोक लिखिए जो इस प्रश्न-पत्र में न आया हो । 2

ख) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए : 1 + 1

i) पुरुराजः केन सह युद्धम् अकरोत् ?

ii) ग्रामीणः नागरिकम् किम् अपृच्छत् ?

iii) चन्द्रशेखरः कः आसीत् ?



https://www.upboardonline.com

8. क) 'करुण रस' **अथवा** 'हास्य रस' की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए । 2

ख) 'रोला' **अथवा** 'सोरठा' छन्द का लक्षण एवं उदाहरण लिखिए । 2

ग) 'रूपक' **अथवा** 'उत्प्रेक्षा' अलंकार की परिभाषा एवं उसका उदाहरण लिखिए । 2

9. क) निम्नलिखित उपसर्गों में से किन्हीं **तीन** के मेल से **एक-एक** शब्द बनाइए : 1 + 1 + 1

i) अन

ii) अधि

iii) अप

iv) अनु

v) अभि

vi) सह ।





ख) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रत्ययों का प्रयोग करके **एक-एक** शब्द बनाइए : 1 + 1

i) आई

ii) ता

iii) पन

iv) हट

v) वट ।

ग) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** के समास-विग्रह कीजिए तथा समास का नाम लिखिए : 1 + 1

i) पवनपुत्र

ii) जलथल

iii) दशावतार

iv) सत्पुरुष ।

376462

https://www.upboardonline.com



घ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** के तत्सम रूप लिखिए : 1 + 1

i) खम्भा

ii) कुम्हार

iii) साँप

iv) हाथ

v) मोर ।

ङ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए : 1 + 1

i) फूल

ii) पहाड़

iii) बादल

iv) सूर्य

v) जंगल ।



https://www.upboardonline.com

https://www.upboardonline.com



10\. क) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** में सन्धि कीजिए और सन्धि का नाम लिखिए : 1 + 1

i) प्रति + उत्तरम्

ii) महा + ओजः

iii) धातृ + आज्ञा

iv) तथा + एव ।

ख) निम्नलिखित शब्दों के रूप तृतीया विभक्ति, बहुवचन में लिखिए : 1 + 1

i) मति **अथवा** मधु

ii) नदी **अथवा** फल ।

ग) निम्नलिखित में से किसी **एक** की धातु, लकार, पुरुष तथा वचन का रूप उल्लेख कीजिए : 2

i) पठेयम्

ii) हसिष्यथः

iii) अपचाम ।



https://www.upboardonline.com

घ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए : 1 + 1

i) वाराणसी में गंगा के किनारे सुन्दर-सुन्दर घाट हैं ।

ii) हमें विद्यालय जाना चाहिए ।

iii) सभी छात्र पत्र लिखेंगे ।

iv) देशभक्त निर्भीक होते हैं ।

11. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए : 6

i) छात्रों के लिए पुस्तकालय की उपयोगिता

ii) प्रदूषण तथा मानव समाज

iii) सड़क दुर्घटना का कारण और निवारण

iv) विद्यालयों में मध्याह्न भोजन योजना ।





12. अपने पठित खण्डकाव्य के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** का उत्तर लिखिए : 3

क) i) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य के नायक का चरित्रांकन कीजिए ।

ii) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य का कथासार अपने शब्दों में प्रस्तुत कीजिए ।

ख) i) 'तुमुल' खण्डकाव्य के आधार पर मेघनाद का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

ii) 'तुमुल' खण्डकाव्य की कथा संक्षेप में लिखिए ।

ग) i) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के चतुर्थ सर्ग की कथा लिखिए ।

ii) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के नायक के चरित्र की विशेषताएँ लिखिए ।

https://www.upboardonline.com



घ) i) 'मुक्तिदूत' खण्डकाव्य का कथासार प्रस्तुत कीजिए ।

ii) 'मुक्तिदूत' खण्डकाव्य के प्रधान पात्र की चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

ङ) i) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य की कथा संक्षेप में लिखिए ।

ii) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य के मुख्य पात्र का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

च) i) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य के मुख्य पात्र की चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

ii) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य की कथा संक्षेप में प्रस्तुत कीजिए ।



https://www.upboardonline.com

https://www.upboardonline.com



छ) i) 'मेवाड़ मुकुट' खण्डकाव्य के प्रथम और द्वितीय सर्ग की कथा लिखिए ।

ii) 'मेवाड़ मुकुट' खण्डकाव्य के नायक का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

ज) i) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य का कथासार लिखिए ।

ii) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के मुख्य पात्र की चरित्रगत विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

झ) i) 'कर्ण' खण्डकाव्य के तृतीय तथा चतुर्थ सर्ग की कथा लिखिए ।

ii) 'कर्ण' खण्डकाव्य के आधार पर कर्ण का चरित्र-चित्रण कीजिए ।



https://www.upboardonline.com